राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

एन॰सी॰सी॰ से युवाओं को एकता और अनुशासन की शिक्षा मिलती है–राज्यपाल

पटना, 04 फरवरी 2020

''भारत में युवाओं को एकता और अनुशासन की शिक्षा देने के जिस महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर एन॰सी॰सी॰ की स्थापना हुई थी, यह संगठन उस दायित्व को पूरा करने में पूरी तत्परता और निष्ठा के साथ लगा हुआ है।'' उक्त बातें, महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने राजभवन में आज आयोजित एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स की 'एट होम पार्टी' में एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स को संबोधित करते हुए कही। ज्ञातव्य है कि 'एट होम पार्टी' नई दिल्ली में सम्पन्न '71वें गणतंत्र दिवस समारोह' में भाग लेकर लौटे बिहार–झारखंड के एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स को पुरस्कृत करने हेतु आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एन॰सी॰सी॰ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य था कि हम अपने देश में ऐसे युवाओं को तैयार करें, जो ऊर्जावान हों, तेजस्वी और ओजस्वी हों, पूर्ण अनुशासित हों, अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने के प्रति पूरी तरह समर्पित और गंभीर हों तथा देश के विकास हेतु प्रतिबद्ध हों। राज्यपाल श्री चौहान ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एन॰सी॰सी॰ के माध्यम से ऐसे लाखों युवा आज हमारे देश में तैयार हो रहे हैं, जो हमारी राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, साझी सांस्कृतिक विरासत और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति पूरी तरह निष्ठावान और प्रतिबद्ध हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आज एक नये आधुनिक और सब तरह से सम्पन्न भारतवर्ष का उदय हो रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का जो सपना देखा है, उसे युवाओं को ही साकार करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं की राष्ट्रभक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा ही इस देश को मजबूत बनायेगी।

राज्यपाल ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि एन॰सी॰सी॰ युवाओं को सेना के तीनों अंगों– जल, थल और वायु सेना के उद्देश्यों से जुड़ी तैयारियाँ कराता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक हित के कार्यों –यथा – रक्तदान शिविरों का आयोजन, साक्षरता अभियान, दहेज एवं नशा–उन्मूलन अभियान, कन्या–भ्रूण हत्या आदि के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य भी एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स तत्परतापूर्वक करते हैं। वृक्षारोपण, रक्तदान शिविरों का आयोजन, आपदा–प्रबंधन, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों में भी एन॰सी॰सी॰ की सहभागिता सराहनीय रहती है।

समारोह में रंगमय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये, जिनसे राष्ट्रीय एकता और सद्भावना तथा बिहार और झारखंड की लोक संस्कृति की खूबसूरती की शानदार झलक देखने को मिली। राज्यपाल ने सभी कलाकारों को उम्दा प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

आगे पृष्ठ.....2 पर

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान शास्त्रीय नृत्य, लोकगीत, झारखंड–बिहार की संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य तथा नृत्य नाटिका –''पेड़ बचाओ –जीवन बचाओ'' की दर्शकों ने काफी सराहना की।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने सिनियर अंडर ऑफिसर विशाल कुमार को पी॰एम॰ रैली का 'परेड कमान्डर' होने, कैडेट कमान्डर कुंज द्विवेदी को उत्कृष्ट ब्रीफिंग करने, फ्लाईंग कैडेट सुजीत यादव को लाइन एरिया तैयार करने एवं अंडर ऑफिसर श्रुति दूबे को सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफियाँ प्रदान की। इस वर्ष का इंटर ग्रुप गवर्नर्स बैनर चैम्पियनशिप पुरस्कार पटना एन॰सी॰सी॰ ग्रुप को प्रदान किया गया।

समारोह में पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ रास बिहारी प्रसाद सिंह, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रधान सचिव श्री रवि मनुभाई परमार, ए॰डी॰जी॰ (विधि व्यवस्था) श्री अमित कुमार, एन॰सी॰सी॰ बिहार–झारखंड के सहायक महानिदेशक ब्रिगेडियर तुषार मिश्रा, सब एरिया कमांडर मेजर जनरल राजपाल पुनिया सहित सेना, एन॰सी॰सी॰, राज्य सरकार एवं राजभवन के कई वरीय अधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

....